हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
शुक्रवार, 27 अक्टूबर 2017, बरेली, उत्तर प्रदेश, 20 संस्करण
www.livehindustan.com

PAGE NO.: 7 MIDDLE

सेमिनार में जुटेंगे 400 नामी डाक्टर

बरेली | प्रमुख संवाददाता

एसआरएमएस इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में शुक्रवार से तीन दिनों तक मेडिसिन जगत में होने वाले बदलावों और अनुसंधान पर मंथन होगा। इसके लिए देश विदेश से 400 डॉक्टर एसआरएमएस पहुंच रहे हैं। जहां ये चिकित्सकों और छात्र-छात्राओं को मरीजों के बेहतर इलाज की नई तकनीकों से रूबरू कराएंगे।

एसआरएमएस के मेडिसिन विभाग और एसोसिएशन ऑफ फिजिशयंस (यूपी चैप्टर) की ओर से आयोजित कांफ्रेंस यूपी एपिकॉन और मेडिसिन अपडेट 27 से 29 अक्तूबर तक चलेगी। इसमें एसजीपीजीआई, बीएचयू, एएमयू, लेडी हार्डिंग, एम्स, पीजीआई चंडीगढ़ से डॉक्टर पहुंचेंगे।

एसआरएमएस में गुरुवार को प्रेसवार्ता कर सेमिनार के बारे में जानकारी देते निदेशक।

इसके अलावा हार्टआर्ट बर्मिंघम, से डॉ. राज चंद्रप्पा, एमएलएन मेडिकल कॉलेज से डॉ. सरिता बजाज भी पहुंचेंगी। इसमें न्यूरोलॉजी, कार्डियोलॉजी, इंफैक्शयस डिजीज, गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी, रुमेटोलॉजी, क्रिटिकल केयर, नेफ्रोलॉजी, हिमैटोलॉजी, एंडोक्रिनोलॉजी, प्लमोनरी मेडिसिन के विशेषज्ञ डाक्टर शामिल होंगे। प्रशासनिक निदेशक आदित्य मूर्ति, आयोजन अध्यक्ष निर्मल यादव, सचिव डॉ. स्मिता गुप्ता मौजूद रहीं।